RNI No. -
MPHIN/2020/79860

मासिक

# आजाद बोल

वर्ष -06 , अंक -7 | इंदौर 15 जून 2026 | पृष्ठ - 8, मूल्य- 1 रुपए











# मेहनत की चाबी से खुल जाता है हर ताला : डॉ. गुप्ता

**-मीडियाकर्मियों के 100 बच्चों को सम्मानित किया गया**

**-इंदौर स्टेट प्रेस क़्लब का आयोजन क़ाबिलियत को सलाम**

**-पत्रकारिता से जुड़े परिवारों के मेघावी विद्यार्थीयों का हुआ सम्मान**

**-बीजेपी प्रवक्ता डॉ दिव्या गुप्ता ऋच ग्रुप के चेयरमैन और सामसेवी अब्दुल रहीम ख़ान हुए शामिल**

इंदौर। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और सतत अभ्यास सफलता की कुंजी है। शिक्षा जगत में की गई मेहनत से चाबी बनती है जो हर ताले को खोल देती है। यह बात स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के कार्यक्रम काबिलियत को सलाम में मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. दिव्या गुप्ता ने कही। कार्यक्रम में शिक्षाविद स्वप्निल कोठारी, ऋच ग्रुप के चेयरमैन और सामसेवी अब्दुल रहीम ख़ान, नाहटा प्रोफेशनल एकेडमी के डायरेक्टर जतिन डेमला, बालमित्र संस्था के पवन जोशी और पत्रकार गुरनीत कौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नाहटा प्रोफेशनल एकेडमी के डायरेक्टर ने घोषणा की मीडियाकर्मियों के बच्चों को उनकी एकेडमी की फीस में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों के 100 से अधिक बच्चों को प्रमाण-पत्र, मोमेंटो, स्कूल बैग, वाटर बोटल, कापियां और गिफ्ट हेम्पर देकर सम्मानित किया गया।प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रो. आरके जैन, रचना जौहरी, सोनाली यादव, समीर खान एवं नितिन गुप्ता ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह महबूब कुरैशी, ऋतू साहू, सुनील जैन, अजय भट्ट,संजय मेहता एवं विजय गुंजाल ने भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल एवं महासचिव नवनीत शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

# मध्यप्रदेश समावेशी विकास , नवाचार और जनकल्याण के दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर बढ़ रहा आगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में बताई गई मध्यप्रदेश की उपलब्धियां

**इन्दौर :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में सभी वर्गों के विकास के लिए किए जा रहे विशेष प्रयत्नों से अवगत करवाया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि काउंसिल की बैठक में 'विकसित भारत @2047' के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी, समन्वित प्रयासों तथा विकास के विभिन्न आयामों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश भी विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सुशासन, समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब देंगे विकास को गति**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जानकारी दी कि प्रदेश को नक्सलवाद का खात्मा केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा से पहले करने में सफलता मिली है। प्रदेश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज की जाएगी। युवाओं के विकास पर विशेष रूप से जोर रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश में बहनों और बेटियों की उन्नति, कृषक कल्याण, नए मेडीकल कॉलेजों के माध्यम से उपचार कार्य को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए बेहतर कार्य हो रहा है। इसी तरह आरोग्य मंदिर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश अग्रसर है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी की गई है। पीएमश्री महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को अनेक संकायों और विषयों के अध्ययन से जोड़ा गया है। कौशल विकास और औद्योगिकीकरण के प्रयास तेज हुए हैं। देश में सबसे पहले पीएम मित्र पार्क की धार जिले में स्थापना हुई है, यहां शीघ्र ही इकाइयों द्वारा रिकार्ड समय में कार्य प्रारंभ हो रहा है। भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के वेस्ट को निष्पादित करने के साथ ही प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से अनेक नए कार्य प्रारंभ करने पर ध्यान दिया जा रहा है। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की इस बैठक में मुख्यत:'मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल', 'उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास', 'स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण' एवं 'सभी के लिए समानता और गरिमा' से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों एवं विदेशी अतिथियों के सम्मान में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिया रात्रि भोज

**इन्दौर :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में गुरुवार को शामिल होने आए कृषि मंत्रियों एवं अन्य विदेशी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों के सम्मान में भव्य रात्रि भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथियों के स्वागत के साथ मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपरा और पर्यटन वैभव को प्रदर्शित करने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना पर आधारित प्रस्तुतियों ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों की विशेषताओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। रात्रि भोज एवं सांस्कृतिक आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, कृषि मंत्री श्री एदलसिंह कंसाना, सांसद श्री शंकर लालवानी तथा सुश्री कविता पाटीदार , महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष की श्रीमती रीना सतीश मालवीय, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, सुश्री उषा ठाकुर, श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा तथा श्री गोलू शुक्ला, श्री सावन सोनकर, श्री प्रताप करोसिया, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण सिंह चावड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 साल से एक ही पंचायत में जमे सचिव तबादला नीति पर उठे सवाल

## रंगवासा के सचिव रमेश भांबर पर गंभीर आरोप, एसडीएम के निर्देश के बाद भी कार्रवाई नहीं





**इंदौर।** प्रदेश सरकार की तबादला नीति और सामान्य प्रशासन विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिले की कई ग्राम पंचायतों में सचिव वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। नियमों के अनुसार किसी भी शासकीय कर्मचारी की एक स्थान पर पदस्थापना सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए,लेकिन इंदौर जिले में यह व्यवस्था कागजों तक सीमित नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार धमनाय ग्राम पंचायत की सचिव बसंती चौहान पिछले 12 वर्षों से वहीं पदस्थ हैं। इसी प्रकार रंगवासा पंचायत के सचिव रमेश भांबर भी करीब 12 वर्षों से उसी पंचायत में कार्यरत हैं। रंगवासा पंचायत सबसे अधिक विवादों में रही है। सचिव रमेश भांबर पर सरकारी भूमि पर 59 पट्टों के वितरण सहित कई गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व एसडीएम ने उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भी लिखा था, लेकिन जिला पंचायत और जनपद पंचायत स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सूत्रों के अनुसार कई सचिवों का प्रभाव इतना मजबूत है कि तबादले के आदेश जारी होने के बाद भी वे कुछ समय में पुन: उसी पंचायत में लौट आते हैं। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने से जवाबदेही प्रभावित होती है और अनियमितताओं की संभावना बढ़ जाती है।

**वर्षों से एक ही पंचायत में पदस्थ सचिव**

| नाम | पंचायत | वर्षों से पदस्थ |
|---|---|---|
| बसंती चौहान | धमनाय | 12 वर्ष |
| रमेश भांबर | रंगवासा | 12 वर्ष |
| राजेंद्र गेहलोत | बेगमखेड़ी | 10 वर्ष |
| कन्हैयालाल पटेल | खंडेल | 10 वर्ष |
| संजय नागर | रालामंडल | 10 वर्ष |
| गिरीश दुबे | केलोद हाला | 10 वर्ष |
| धर्मेंद्र पटेल | पेड़मी | 9 वर्ष |
| राधेश्याम सेमलिया | चाऊ | 10 वर्ष |
| गोपी कुमावत | मोरोद हाट- | 05 वर्ष |
| राजेश पटेल | गहली | 10 वर्ष |
| विष्णु मालवीय | विसनखेड़ा | 10 वर्ष |
| सुधीर वर्मा | खुड़ेल खुर्द | 10 वर्ष |
| मलखान सिंह जाधव | गारिया | 05 वर्ष |
| संजय जोशी | हरनखेड़ी | 09 वर्ष |
| दौलतराम पाठक | नरलाय | 08 वर्ष |
| राजेश चौहान | नैनोद | 08 वर्ष |
| ईश्वर माठोलिया | असरावद खुर्द | 08 वर्ष |
| हेमंत गौड़ | रिंजलाय | 05 वर्ष |
| शिला कुशवाहा | बिहाडिया | 05 वर्ष |
| जगदीश मेहता | बांक | 05 वर्ष |
| मुकेश पटेल | पीवड़ाय | 05 वर्ष |
| हाकिम सिंह यादव | दुधिया | 04 वर्ष |
| प्रेमलता भार्गव | उमरिया | 06 वर्ष |
| सुधीर जोशी | पानोड अतिरिक्त चार्ज एंव झलारिया स्थाई | 06 वर्ष |
| गौरव जोशी | जामनीया | 05 वर्ष |

सरकारी नियमों की अनदेखी और कथित राजनीतिक संरक्षण के चलते वर्षों से एक ही पंचायत में जमे अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर अब प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

**इनका कहना**

जनपद पंचायत स्तर से प्रत्येक वर्ष जिला पंचायत को जानकारी भेजी जाती है कि कौन-सा सचिव किस ग्राम पंचायत में कितने वर्षों से पदस्थ है। स्थानांतरण और पदस्थापना संबंधी निर्णय उच्च स्तर पर लिए जाते हैं। हमारे स्तर से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियमित रूप से जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

**-प्रियंका टैगोर, सीईओ,जनपद पंचायत इंदौर**





# विधायक गौड़ ने घर-घर पहुंचाया मोदी सरकार के 12 साल का रिपोर्ट कार्ड

**इंदौर।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 12 वर्ष- विश्वास, विकास और जनकल्याण अभियान के तहत विधायक मालिनी गौड़ ने महाराणा प्रताप मंडल में जनसंपर्क अभियान की कमान संभाली। उन्होंने पार्षद हरप्रीत कौर लुथरा के साथ वार्ड क्रमांक 71, 72 और 83 में घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संवाद किया तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश के 140 करोड़ नागरिकों के विश्वास, सम्मान और सहभागिता का परिणाम है।

अभियान के दौरान उन्होंने प्रबुद्धजनों और सेवानिवृत्त अधिकारियों से मुलाकात कर सरकार की नीतियों पर चर्चा की। इसके साथ ही द्रविड़ नगर स्थित द्रविणेश्वर शिवधाम में दर्शन किए और बगीचे में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गौरव तिवारी, वार्ड प्रभारी प्रताप राठौर, महामंत्री दिलीप खंडेलवाल,अनिल भाटी, गुड्डू यादव,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# हरिद्वार-ऋषिकेश की निःशुल्क तीर्थयात्रा पर जाएंगे इंदौर के बुजुर्ग

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 20 जून को रवाना होगी विशेष ट्रेन, 16 जून तक करें आवेदन




**इंदौर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत इंदौर जिले के वरिष्ठ नागरिकों को इस बार हरिद्वार और ऋषिकेश की नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत 20 जून को विशेष ट्रेन इंदौर से रवाना होगी,जिसमें इंदौर के साथ धार, बड़वानी और देवास जिले के बुजुर्ग श्रद्धालु भी शामिल होंगे।

जिला प्रशासन के अनुसार यात्रा 20 जून से शुरू होकर 23 जून को वापस इंदौर पहुंचेगी। यात्रा के लिए 191 सीटें निर्धारित की गई हैं। पात्र वरिष्ठ नागरिक 16 जून शाम 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन नगर निगम के जोनल कार्यालयों, नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायत कार्यालय इंदौर, सांवेर, महू और देपालपुर से नि:शुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

योजना का लाभ मध्यप्रदेश के मूल निवासी ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो तथा वे आयकरदाता न हों। साथ ही, वे पहले इस योजना का लाभ नहीं ले चुके हों। 65 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को निर्धारित शर्तों के तहत सहायक साथ ले जाने की सुविधा भी मिलेगी।



# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रणजीत हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

### कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की प्रगति और जनकल्याण के लिए की प्रार्थना

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप मंडल द्वारा भगवान श्री रणजीत हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए कार्यों का स्मरण किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कीर्तिमान पर भी चर्चा हुई। आयोजन में विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ के मार्गदर्शन में पार्षद हरप्रीत कौर लुथरा, पार्षद जीतू राठौर, मंडल अध्यक्ष गौरव तिवारी, वार्ड संयोजक प्रताप राठौर, अनिल भाटी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्र की समृद्धि, विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराया।

# जनसंवाद के माध्यम से पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस चौकी पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा की जानकारी लेना था।

इस दौरान उपस्थित लोगों से महिला सुरक्षा से जुड़े हॉटस्पॉट क्षेत्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करने का आग्रह किया गया, ताकि पुलिस आवश्यक कदम उठाकर सुरक्षा व्यवस्था को ओर अधिक प्रभावी बना सके।

कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त निधि सक्सेना ने बताया कि उनके सर्कल अंतर्गत आने वाले गांधी नगर, राऊ और राजेंद्र नगर क्षेत्रों में इस प्रकार के जनसंवाद लगातार किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं-युवतियों को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए, जिन पर पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से चर्चा की। इस पहल को क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# नगर निगम का बेकाबू टैंकर वाहनों में घुसा, कई गाडियां क्षतिग्रस्त

**इंदौर।** शहर के व्यस्त मार्ग पटेल ब्रिज पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब नगर निगम का पानी से भरा एक टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि टैंकर के ब्रेक फेल हो गए,जिसके बाद उसने सड़क पर चल रही कारों, दोपहिया वाहनों और सड़क किनारे लगे ठेलों को टक्कर मार दी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए।

**फुटपाथ पर चढ़ाकर रोका टैंकर**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर अनियंत्रित होते ही चालक ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया और वाहन को फुटपाथ की ओर मोड़ दिया। इससे बड़ा हादसा टल गया और राहगीरों की जान बच गई। हालांकि टक्कर से कई कारें और दो बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

**लोगों ने जताया आक्रोश, चालक की तलाश जारी**

घटना के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया। नाराज लोगों ने टैंकर के आसपास हंगामा किया और वाहन में तोडफ़ोड़ कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस और निगम अमला मौके पर पहुंचा। इस बीच चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# 25 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जामुक्त

## 30 बीघा भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण हटाया

**इंदौर।** जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार तेजी से जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को महू क्षेत्र के ग्राम मलेंडी में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य की 30 बीघा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डॉ. अंबेडकर नगर महू के मार्गदर्शन में राजस्व, पुलिस और प्रशासनिक अमले ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। टीम ने 7.824 हेक्टेयर (लगभग 30 बीघा) सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को शासन के कब्जे में लिया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य लगभग 25 करोड़ रुपये है।प्रशासन ने बताया कि शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज इस भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण किया गया था। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जे हटाए गए और भूमि को पुन: शासकीय अभिलेखों के अनुरूप



सुरक्षित किया गया।कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया है कि जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम मलेंडी की यह कार्रवाई जिले की प्रमुख अतिक्रमण हटाओ कार्रवाइयों में शामिल मानी जा रही है।

## चरस तस्करी मामले में फरार महिला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने चरस तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रही महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्वाती बुंदेला निवासी चित्रा नगर को जिला न्यायालय परिसर से घेराबंदी कर पकड़ा गया।पुलिस के अनुसार स्वाती वर्ष 2025 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में वांछित थी। इसी मामले में 27 सितंबर 2025 को दीपक कुशवाह और रजत उर्फ वैभव बुंदेला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 520 ग्राम चरस जब्त की गई थी, जिसकी कीमत करीब 5.20 लाख रुपए आंकी गई थी।जांच के दौरान स्वाती बुंदेला की भूमिका भी सामने आई थी, जिसके बाद से वह फरार चल रही थी। क्राइम ब्रांच उसकी गतिविधियों और संभावित ठिकानों पर लगातार नजर रखे हुए थी। गुरुवार को न्यायालय परिसर में मौजूद होने की सूचना मिलने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

# ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग के दौरान गुजराती कारोबारी और पुलिस में विवाद

## एसआई पर नशे में ड्यूटी करने का आरोप लगाया, शिकायत हुई

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एबी रोड पर मंगलवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के दौरान गुजराती कारोबारी और पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। कारोबारी ने चेकिंग कर रहे एसआई पर नशे की हालत में ड्यूटी करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार, गुजरात निवासी कारोबारी महावीर सिंह अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर मध्य प्रदेश आए थे। उन्होंने महाकाल दर्शन और ओंकारेश्वर में पूजा-अर्चना के बाद इंदौर में रुकने का निर्णय लिया था। वे बच्चों की इच्छा पर कार से सी-21 मॉल क्षेत्र की ओर घूमने निकले। इसी दौरान एबी रोड पर पुलिस की ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग चल रही थी। पुलिस ने उनकी कार को रोककर जांच की। कारोबारी का कहना है कि वाहन में उनके साथ चालक भी मौजूद था, जिसने शराब का सेवन नहीं किया था। जांच के दौरान पुलिस ने चालक के साथ-साथ उनसे भी ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराने को कहा।

**वाहन जब्ती पर विरोध जताया**

महावीर सिंह के मुताबिक, पुलिसकर्मियों ने शराब की गंध आने की बात कर वाहन जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। कारोबारी ने इसका विरोध किया और पुलिस के निर्णय पर सवाल उठाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ गई। कारोबारी ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद एसआई शैलेन्द्र अग्रवाल खुद नशे में दिख रहे थे। उन्होंने एसआई से भी ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराने



की मांग की, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से परहेज किया। विवाद के बाद पुलिस ने कारोबारी का चालान बनाया और वाहन को थाने भिजवा दिया। महावीर सिंह का कहना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ टैक्सी के जरिए होटल लौटना पड़ा। पूरी घटना से जुड़े कई वीडियो उनके मोबाइल में सुरक्षित हैं, जिन्हें जांच के दौरान साक्ष्य के रूप में पेश करेंगे।

## क्राइम ब्रांच बनकर किया था अपहरण, 5 लाख की क्रिप्टो लूट का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर युवक और उसके पिता का अपहरण कर पांच लाख रुपए से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी और मोबाइल लूटने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंदौर क्राइम ब्रांच ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नितिन लोधी को सागर से पकड़ा। पुलिस के अनुसार द्वारिकापुरी निवासी स्नेह परमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर उसे और उसके पिता को कार में बैठाकर ले गए तथा जेल भेजने का डर दिखाकर 5773 यूएसडीटी (करीब 5.12 लाख रुपए) दूसरे खातों में ट्रांसफर करवा लिए। मोबाइल भी छीन लिया था। मामले में पहले तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस गिरोह के अन्य नेटवर्क की जांच में जुटी है।



# महाकाल चौपाटी विवाद गहराया दुकानदारों ने कोर्ट की शरण ली

### 35 से 40 लाख निवेश का दावा, 11 माह की अवधि पूरी होने तक व्यवसाय चलाने की मांग

**इंदौर।** भंवरकुआं क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित महाकाल चौपाटी को लेकर विवाद अब न्यायालय तक पहुंच गया है। चौपाटी में व्यवसाय संचालित कर रही अनीता ठाकुर सहित अन्य दुकानदारों ने जमीन मालिक पर दबाव बनाकर समय से पहले जगह खाली कराने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने न्यायालय में याचिका दायर कर राहत की मांग की है।

अनीता ठाकुर ने बताया कि उन्होंने 11 माह के एग्रीमेंट के आधार पर जमीन लेकर कैफे, जूस सेंटर सहित चार दुकानें स्थापित की हैं। चौपाटी निर्माण, बिजली व्यवस्था और अन्य संसाधनों पर करीब 35 से 40 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। उनका दावा है कि जमीन मालिक को भी सीधे लगभग ढाई लाख रुपए का भुगतान किया गया, जिसके दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं।

व्यवसायियों का आरोप है कि उन्हें लगातार जगह खाली करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। बुलडोजर चलाने और बिजली बंद करवाने जैसी धमकियां भी दी जा रही हैं। इस संबंध में भंवरकुआं थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

पीड़ितों का कहना है कि यदि एग्रीमेंट अवधि तक व्यवसाय करने की अनुमति नहीं दी जाती, तो उनके निवेश की भरपाई कराई जाए। अधिवक्ता विनोद डांगी ने बताया कि जमीन मालिक को कानूनी नोटिस भेजा गया था,जिसे स्वीकार नहीं किया गया। इसके बाद नोटिस की प्रति संबंधित स्थल पर चस्पा की गई है। फिलहाल मामला न्यायालय में विचाराधीन है।





# पीएम मोदी के 4399 दिन पूरे होने पर खजराना में विशेष पूजा, 4399 लड्डुओं का लगाया भोग

## दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए हवन-पूजन, अन्नक्षेत्र में निराश्रितों को कराया भोजन

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल सहित केंद्र सरकार के 4399 दिन पूरे होने पर बुधवार को इंदौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धार्मिक आयोजन कर उत्सव मनाया। शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, आरती, हवन और मंत्रोच्चार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

मंदिर परिसर सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं से भरा नजर आया। प्रधानमंत्री मोदी के 4399 दिन पूरे होने के प्रतीक स्वरूप भगवान गणेश को 4399 लड्डुओं का विशेष भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। बुधवार होने के कारण मंदिर में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही।

**प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए की प्रार्थना**

पूजन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश के निरंतर विकास की कामना की। हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में वरिष्ठ नेताओं से लेकर युवा कार्यकर्ताओं तक ने सहभागिता की।

**निराश्रितों को कराया भोजन**

धार्मिक आयोजन के बाद मंदिर परिसर स्थित अन्न क्षेत्र में निराश्रितों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र हार्डिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, रणवीरसिंह रावत, विधायक रमेश मेंदोला, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्टी के अनुसार प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को लेकर शहर के 35 मंडलों में

# जिले में 12 से 16 जून तक लगेंगे लोक कल्याण मेले

## पथ विक्रेताओं को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**इंदौर।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में 12 से 16 जून तक लोक कल्याण मेलों का आयोजन किया जाएगा। मद्र अनुभाग में 12,15 और 16 जून को तहसील कार्यालय परिसर में मेले लगाए जाएंगे। इन आयोजनों के माध्यम से पथ विक्रेताओं और जरूरतमंद नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

**स्वनिधि महोत्सव में साझा होंगी सफलता की कहानियां**

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत प्रदेश में 10 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को लाभ मिल चुका है। इसी उपलब्धि को लेकर जिला मुख्यालयों पर स्वनिधि महोत्सव आयोजित किए जाएंगे,जहां सफल हितग्राहियों को सम्मानित किया जाएगा और उनकी प्रेरक सफलता की कहानियां साझा की जाएंगी।

**बिना गारंटी ऋण और बैंकिंग सेवाओं की सुविधा**

लोक कल्याण मेलों में पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी 15 हजार रुपए तक ऋण, डिजिटल भुगतान संबंधी मार्गदर्शन,बैंकिंग सेवाएं और शिकायतों के त्वरित निराकरण की सुविधा मिलेगी। वहीं विशेष शिविरों के माध्यम से नए और छूटे हुए पात्र पथ विक्रेताओं का पंजीयन कर उन्हें योजना से जोड़ा जाएगा।



# डायल-112 बनी नन्ही बच्ची की उम्मीद, भटकी 4 वर्षीय मासूम को परिजनों से मिलाया

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में घर का रास्ता भटक गई 4 वर्षीय बालिका को डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाकर मानवता और संवेदनशील पुलिसिंग की मिसाल पेश की।जानकारी के अनुसार राजनगर स्थित सांवरिया टेंट हाउस के पास एक छोटी बच्ची अकेली घूमती हुई मिली थी। मामले की सूचना बुधवार शाम करीब 7 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही चंदन नगर क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर भेजा गया।

डायल-112 स्टाफ में आरक्षक विपिन रघुवंशी, आरक्षक अनिल और पायलट पंकज पांडे ने बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लिया। मासूम अपनी उम्र कम होने के कारण परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। इसके बाद टीम ने आसपास के क्षेत्र में लगातार पूछताछ और तलाश शुरू की।कुछ देर बाद बच्ची के परिजन उसे खोजते हुए मिले। पहचान और आवश्यक सत्यापन के बाद बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई पर परिजनों ने आभार व्यक्त किया।



### अभिभाषक संघ चुनाव में बढ़ी सरगर्मी

# राजेंद्र यादव 'दद्दू' ने अध्यक्ष पद के लिए लिया नामांकन फार्म

**इंदौर।** जिला अभिभाषक संघ चुनाव में चुनावी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र यादव दद्दू ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म लेकर अपनी दावेदारी को औपचारिक रूप से मजबूत किया। उनके नामांकन फार्म लेने के साथ ही जिला कोर्ट परिसर चुनावी रंग में रंग गया।

राजेंद्र यादव ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू करवाने की होगी। इसके लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं और शासकीय अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी, जो हर माह बैठक कर वकीलों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके त्वरित समाधान का प्रयास करेगी।नामांकन प्रक्रिया के बाद यादव ने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया। उन्होंने दावा किया कि अधिवक्ता साथियों का उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है और इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में किए गए सभी वादों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। इस दौरान कोर्ट परिसर में समर्थकों की भारी मौजूदगी रही और चुनावी नारों से माहौल गूंजता रहा।

### कोषाध्यक्ष पद के लिए पुष्पांजलि द्विवेदी ने मांगा समर्थन, बोलीं-

# पारदर्शिता और अधिवक्ता हित होगा प्राथमिकता

**इंदौर।** इंदौर अभिभाषक संघ के आगामी चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कोषाध्यक्ष पद की प्रत्याशी पुष्पांजलि द्विवेदी ने अधिवक्ता साथियों से अधिक से अधिक समर्थन और मतदान की अपील की है। उन्होंने विश्वास जताया कि सीनियर और जूनियर अधिवक्ताओं का मिल रहा सहयोग उन्हें जीत दिलाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान पुष्पांजलि द्विवेदी ने कहा कि कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि संघ के वित्तीय संसाधनों का उपयोग पूरी जवाबदेही के साथ किया जाएगा और सभी अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए नई योजनाएं बनाई जाएंगी।



**महिला अधिवक्ताओं के लिए विशेष पहल का संकल्प**

पुष्पांजलि द्विवेदी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता अधिवक्ता समुदाय की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना होगी। विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं के हितों और सुविधाओं को लेकर वे गंभीरता से काम करेंगी।

उन्होंने सभी मतदाता अधिवक्ताओं से चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने और कोषाध्यक्ष पद पर उन्हें विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि अधिवक्ता साथियों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# डेटा बनेगा भविष्य की सबसे बड़ी ताकत, पत्रकारिता में बढ़ेगा इसका प्रभाव : बदरीनाथ

## इंदौर प्रेस क्लब के संवाद में भारतीय और विदेशी मीडिया, सोशल मीडिया व एआई की भूमिका पर हुई चर्चा

**इंदौर।** आधुनिक दौर में डेटा किसी भी देश की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी बनता जा रहा है और भविष्य के बड़े निर्णय इसी आधार पर लिए जाएंगे। विदेशों की पत्रकारिता मुख्य रूप से डेटा आधारित होती है, जबकि भारतीय मीडिया समाज, संस्कृति, साहित्य और जनसरोकारों के विविध आयामों को समेटे हुए है। यह बात सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रिंसिपल एडवाइजर तथा सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड एंड होलिस्टिक स्टडीज, नई



दिल्ली के निदेशक के.ए. बदरीनाथ ने इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित सोशियो मीडिया संवाद कार्यक्रम में कही।

मीडिया, टेक्नोलॉजी, सभ्यता और जन संवाद विषय पर आयोजित चर्चा में बदरीनाथ ने कहा कि कई देशों में सोशल मीडिया के माध्यम से नकारात्मक अभियान भी चलाए गए हैं। सोशल मीडिया पर बनने वाले रुझानों का असर अब पारंपरिक मीडिया पर भी दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में डिजिटल मीडिया का प्रभाव तेजी से बढ़ा है और भविष्य की पत्रकारिता काफी हद तक इसी मंच पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि चीन अपने डेटा को सार्वजनिक नहीं होने देता, जबकि भारत में डेटा आने वाले समय में रणनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगा।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार हेमंत उपाध्याय ने संवाद का संचालन करते हुए कहा कि तकनीक ने पत्रकारिता की कार्यशैली पूरी तरह बदल दी है। आज किसी भी खबर पर लोगों की प्रतिक्रिया तत्काल सामने आ जाती है और एक गलत सूचना पत्रकार की विश्वसनीयता को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है इस अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

# महिला एवं बाल विकास विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर के ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा

## आय से 241 प्रतिशत अधिक संपत्ति का खुलासा, इंदौर और धार में करोड़ों रुपये के निवेश मिले

**इंदौर।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्यप्रदेश लोकायुक्त संगठन की इंदौर इकाई ने बुधवार सुबह महिला एवं बाल विकास विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण कंडवाल के आवास सहित उनसे जुड़े विभिन्न ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सहाय को कंडवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम-2018 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। बुधवार सुबह लगभग 6 बजे से शुरू हुई कार्रवाई देर तक जारी रही।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी अधिकारी तथा उनके परिजनों और रिश्तेदारों के नाम पर इंदौर और धार जिले में बड़ी मात्रा में अचल संपत्ति मौजूद है। इनमें कृषि भूमि, भूखंड और आवासीय भवन शामिल हैं। जांच के दौरान करीब 9.76 करोड़ रुपये के निवेश का पता चला, जबकि उनकी ज्ञात आय लगभग 2.80 करोड़ रुपये आंकी गई है।

लोकायुक्त को मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोनवाय, जिला इंदौर में 0.097 हेक्टेयर कृषि भूमि पर 6,64,170 रुपये का निवेश किया गया। वहीं धार जिले के ग्राम तारपुरा में सर्वे क्रमांक 33 की 2.560 हेक्टेयर कृषि भूमि 9,36,655 रुपये में खरीदी गई। इंदौर की स्कीम नंबर 103 स्थित आनंद विहार में भूखंड क्रमांक 149-सी खरीदने के साथ उस पर लगभग 13,560 वर्गफीट क्षेत्र में जी+3 भवन का निर्माण कराया गया, जिस पर



2,66,57,450 रुपये खर्च होना पाया गया।

इसके अलावा इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 140 में भूखंड क्रमांक 220 ए.एम. (54 वर्गमीटर) पर 21,90,806 रुपये तथा उसी योजना के सेक्टर ए टाइप एम स्थित भूखंड क्रमांक 378 ए.एम. पर 15,34,572 रुपये का निवेश सामने आया है।

जांच में धार जिले के ग्राम बनेडिया और बेकल्या सहित विभिन्न स्थानों पर कृषि भूमि की खरीद के कई मामले भी सामने आए हैं। ग्राम बनेडिया में 0.879 हेक्टेयर भूमि पर 12,26,118 रुपये, 1.176 हेक्टेयर भूमि पर 22,71,327 रुपये तथा 2.100 हेक्टेयर भूमि पर 40,55,940 रुपये खर्च किए गए। ग्राम तारपुरा, तहसील सागौर, जिला धार में 2.195 हेक्टेयर कृषि भूमि पर 1,53,15,350 रुपये का निवेश मिला। वहीं तहसील पीथमपुर के ग्राम तारपुरा में 0.345 और 0.606 हेक्टेयर कृषि भूमि पर 67,27,239 रुपये तथा 1.212 हेक्टेयर भूमि पर 25,00,000 रुपये व्यय किए गए।

इसी तरह ग्राम बेकल्या, तहसील पीथमपुर में 1.740 हेक्टेयर कृषि भूमि पर 11,94,185 रुपये, 2.435 हेक्टेयर भूमि पर 2,28,97,007 रुपये तथा एक अन्य 1.740 हेक्टेयर कृषि भूमि पर भी 11,94,185 रुपये का निवेश पाया गया। जांच में यह पूरा निवेश आरोपी, उनकी पत्नी, पुत्रों, पुत्रवधू और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर दर्ज मिला है।

लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार आरोपी की संपत्ति उनकी वैध आय की तुलना में लगभग 241 प्रतिशत अधिक पाई गई है, जिसे अनुपातहीन संपत्ति की श्रेणी में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान बैंक ऑफ इंडिया की सराफा बाजार शाखा में एक लॉकर भी चिन्हित किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच के लिए तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें संपत्ति संबंधी दस्तावेजों, बैंक खातों और वित्तीय लेनदेन की विस्तृत पड़ताल कर रही हैं। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद प्राप्त तथ्यों के आधार

## अपर कलेक्टर बन युवती ने ठगे ढाई लाख, तीन साल बाद पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई गुहार



**इंदौर ।** जिला न्यायालय में वाहन चालक के पद पर कार्यरत रुपेश जोशी ने खुद के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई में दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि एक युवती ने स्वयं को अपर कलेक्टर बताकर जमीन नामांतरण कराने का झांसा दिया और उससे करीब ढाई लाख रुपये ले लिए।

रुपेश जोशी के अनुसार यह घटना करीब तीन वर्ष पहले की है। रकम लेने के बावजूद न तो जमीन का नामांतरण हुआ और न ही पैसे लौटाए गए। मामले में उन्होंने पहले लसूडिया थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर जनसुनवाई का सहारा लिया।

जनसुनवाई में शिकायत सुनने के बाद अधिकारियों ने लसूडिया थाना पुलिस को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



## जनसुनवाई में 92 शिकायतें पहुंचीं, कई मामलों में मौके पर दिए निर्देश

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 92 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन ठगी, पैसों के लेन-देन, जमीन-मकान विवाद और महिला अपराध से जुड़े मामले प्रमुख रहे। पुलिस कमिश्नर ने कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और प्रभावी निराकरण इंदौर पुलिस की प्राथमिकता है। इस दौरान सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चाकू से केक काटकर जन्मदिन मनाना पड़ा भारी, वायरल वीडियो के बाद युवक गिरफ्तार

### थाने में कान पकड़कर मांगी माफी, पुलिस बोली- हथियारों का प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं

**इंदौर।** जन्मदिन पर चाकू से केक काटकर वीडियो बनाना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कनाड़िया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुमित गिरी नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद युवक थाने में कान पकड़कर अपने कृत्य पर माफी मांगता नजर आया।पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में युवक बड़े चाकू से केक काटते हुए दिखाई दे रहा था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उसकी पहचान कर जांच शुरू की और उसे हिरासत में ले लिया। एडिशनल डीसीपी प्रियंका डुडवे ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन और ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करना गलत संदेश देता है। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि जन्मदिन या अन्य आयोजनों में हथियारों के प्रदर्शन से बचें और कानून का पालन करें।





## सराफा चौपाटी बनी रणक्षेत्र : पानी फेंकने के विवाद में चलीं कुर्सियां, 6 हिरासत में

**इंदौर।** सराफा चौपाटी में देर रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पानी फेंकने की बात को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते एक-दूसरे पर कुर्सियां बरसाने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक चौपाटी पर खुलेआम मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना के दौरान वहां मौजूद महिलाएं, बच्चे और परिवार दहशत में इधर-उधर भागते दिखाई दिए।

सराफा थाना पुलिस के अनुसार सचिन सुंदर ठाकुर की शिकायत पर वंश श्रीमाल,आदित्य शर्मा और हर्ष सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं वंश की शिकायत पर सचिन ठाकुर,रेहान शेख और प्रेम पाटोदी पर भी केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक दोनों पक्ष चौपाटी की दुकानों पर काम करते हैं। विवाद के बाद जमकर उत्पात मचाया गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वायरल वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजने की तैयारी की है।







# विदेशी मेहमानों को भाया ग्रामीण हाट बाजार पारंपरिक उत्पादों और लोक संस्कृति ने जीता दिल

**इंदौर।** विदेशी प्रतिनिधियों ने ढक्कनवाला कुएं स्थित ग्रामीण हाट बाजार का दौरा किया। यहां प्रदेश की कृषि,जैविक उत्पादों और पारंपरिक हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत को करीब से देखने का अवसर मिला। विदेशी मेहमानों ने विभिन्न प्रकार के अनाज, मोटे अनाज (श्रीअन्न) तथा कृषि उत्पादों की जानकारी ली और किसानों से संवाद भी किया।

विदेशी प्रतिनिधियों के आगमन को लेकर हाट बाजार को विशेष रूप से सजाया गया था।


हाट बाजार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसान उत्पादकों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। यहां केले के फाइबर से बने वस्त्र,जैविक फल-सब्जियां, ए-2 दूध एवं डेयरी उत्पाद, प्राकृतिक शहद, गोबर से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल सामग्री,पैशन फ्रूट उत्पाद तथा डीहाइड्रेटेड फल और सब्जियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प और वस्त्र परंपरा भी यहां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है।


**लोकनृत्य की थाप पर झूमे विदेशी मेहमान**

हाट बाजार पहुंचने पर विदेशी प्रतिनिधियों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। प्रवेश द्वार पर लोक कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुति दी। लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखकर कई विदेशी मेहमान भी कलाकारों के साथ कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते नजर आए। यह दृश्य आयोजन का सबसे यादगार पल बन गया। जिला प्रशासन, आत्मा परियोजना और कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित यह प्रदर्शनी विदेशी मेहमानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## डीजीपी कैलाश मकवाना बोले-

# जनता की सेवा और कानून व्यवस्था सर्वोच्च जिम्मेदारी 984 नवआरक्षक बने पुलिस बल का हिस्सा





## इंदौर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीक्षांत परेड, 788 महिला प्रशिक्षुओं ने भी दिखाया दमखम, उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को किया सम्मानित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पुलिस के महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की सेवा, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और पुलिस की गरिमा को हर परिस्थिति में कायम रखना है। वे पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर में आयोजित 78वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के भव्य दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे।

15 जून 2025 से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण सत्र में लगभग एक वर्ष के कठोर, अनुशासित और व्यवस्थित प्रशिक्षण के बाद 984 नव आरक्षक प्रशिक्षुओं ने आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस बैच में 788 महिला प्रशिक्षुओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी क्षमता का परिचय दिया।समारोह के दौरान डीजीपी कैलाश मकवाना ने परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं की शारीरिक दक्षता, अनुशासन तथा प्रशिक्षण से अर्जित कौशल की सराहना की।

उन्होंने नव आरक्षकों से कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ पुलिस सेवा में कार्य करने का आह्वान किया।

दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षण अवधि के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। अधिकारियों ने उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

यह अवसर नव आरक्षकों के लिए पुलिस सेवा में औपचारिक प्रवेश का गौरवपूर्ण और यादगार क्षण बन गया।



### 'ब्रिक्स' में आये मेहमानों ने चखा मालवा का जायका

# शिकंजी से लेकर दही बड़ा और पोहा तक का लिया स्वाद

**इंदौर।** 9 से 13 जून तक इंदौर में आयोजित ब्रिक्स कृषि सम्मेलन में भाग लेने आए विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने शहर के प्रसिद्ध 56 दुकान पहुंचकर मालवा की पारंपरिक खाद्य संस्कृति का अनुभव किया। राज्य शासन की ओर से विदेशी मेहमानों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा उन्हें मालवा के प्रसिद्ध व्यंजनों से परिचित कराया गया।

ब्राजील, इथियोपिया, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देशों से आए प्रतिनिधियों ने 56 दुकान पर मालवी स्वाद का आनंद लिया। मेहमानों को शिकंजी, दही बड़ा, शाही पोहा, कचोरी, पेटिस और साबूदाने की खिचड़ी जैसे लोकप्रिय व्यंजन परोसे गए। सभी खाद्य पदार्थों की तैयारी और परोसने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। विदेशी अतिथियों के स्वागत को यादगार बनाने के लिए 56 दुकान परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। वातावरण को सांस्कृतिक रंग देने के लिए शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति भी आयोजित की गई।

**विदेशियों को खानपान की जानकारी**

इस अवसर पर इतिहासकार जफर अंसारी तथा श्रवण जोशी ने विदेशी मेहमानों को मालवा की समृद्ध खानपान परंपरा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न व्यंजनों की विशेषताओं से परिचित कराने के साथ-साथ देवी अहिल्याबाई होलकर की नगरी इंदौर के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला। मेहमानों को बताया गया कि इंदौर लगातार देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। 56 दुकान संघ के पदाधिकारियों ने भारतीय आतिथ्य परंपरा के अनुरूप सभी प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत किया।

**अनुवादकों की व्यवस्था भी**

विदेशी प्रतिनिधियों को संवाद में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से बहुभाषी अनुवादकों की व्यवस्था भी की गई थी। इससे विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों को स्थानीय संस्कृति, इतिहास और व्यंजनों की जानकारी समझने में सुविधा मिली।

# कबाड़ और पाइपों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे शराब, 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**महू/बडग़ोंदा।** बडग़ोंदा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। तस्करों ने शराब को कबाड़ और सिंचाई के पाइपों के नीचे छिपाकर रखा था, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।पुलिस को सूचना मिली थी कि महू से मानपुर की ओर एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने कैलोद फाटा-गवली पलासिया क्षेत्र में घेराबंदी की। देर रात संदिग्ध वाहन दिखाई देने पर उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन तेज गति से भगाने लगा। पीछा कर वाहन को रोका गया, हालांकि चालक जंगल की ओर भाग निकला। तलाशी के दौरान कबाड़ और पाइपों के नीचे छिपाई गई 100 पेटी शराब बरामद हुई, जिनमें बीयर, व्हिस्की और वोडका शामिल हैं। पुलिस ने विनोद मालीवाड निवासी धार को गिरफ्तार कर लिया।

# एनसीटीई पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट जारी, 32 हजार से अधिक विद्यार्थियों को कॉलेज आवंटित

**इंदौर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ई-प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया है। बीएड, एमएड, बीपीएड और एमपीएड सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पात्र अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित किए गए हैं। विभाग के अनुसार इस वर्ष 64,641 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 59,113 आवेदनों का सत्यापन किया गया। प्रथम चरण में 32,918 अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित हुए हैं। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि आवंटित विद्यार्थी 15 जून 2026 तक निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी सीट सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी अपने लॉगिन के माध्यम से आवंटन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। तय समय तक शुल्क जमा नहीं करने पर आवंटन स्वत: निरस्त हो जाएगा और संबंधित सीट अगले चरण की काउंसिलिंग के लिए उपलब्ध कर दी जाएगी।

# जब तालीम जुनून बन जाए, तो बुशरा बनती है!

कुछ बाप बेटियों की शादी के कार्ड बांटते हैं, कुछ बाप बेटियों की डिग्रियां दिखाते हैं। मोहम्मद अशफाक खान आज दूसरी खुशी जी रहे हैं। आजकल लोगों को 30 सेकंड की वीडियो देखकर मशहूर होने की जल्दी है। ऐसे दौर में अगर कोई लड़की सालों तक किताबों, लैब और रिसर्च के बीच



अपना जीवन लगा दे तो वह सिर्फ डिग्री नहीं हासिल करती, वह एक मिसाल बन जाती है।

इंदौर की बुशरा खान ने स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से बीएससी, एमएससी, एमफिल और अब पीएचडी पूरी कर ली है। यह सफर सुनने में जितना आसान लगता है, असल में उतना है नहीं। बीएससी, एमएससी और एमफिल तीनों में टॉपर रहना कोई मामूली बात नहीं होती। 2025 में मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया लेकिन हर कामयाबी के पीछे एक कहानी होती है जो किसी डिग्री पर नहीं लिखी होती। उस कहानी में एक घर होता है। कुछ कुर्बानियां होती हैं। कुछ दुआएं होती हैं और अक्सर एक बाप होता है जो अपनी औलाद के ख्वाबों पर खुद से ज्यादा यकीन करता है।

मोहम्मद अशफाक खान ने बीएससी, एमए अंग्रेजी साहित्य और एलएलबी की पढ़ाई की। गोल्ड मेडलिस्ट रहे। कर्मचारी राज्य बीमा निगम में डिप्टी डायरेक्टर के ओहदे से रिटायर हुए। उन्होंने अपनी बेटी को सिर्फ पढ़ने की सलाह नहीं दी बल्कि यह भरोसा भी दिया कि अगर मेहनत सच्ची हो तो मंजिल कितनी भी बड़ी क्यों न हो, हासिल की जा सकती है।

हमारे समाज में अक्सर बेटियों की पढ़ाई की बातें बहुत होती हैं लेकिन जब पढ़ाई मुश्किल होने लगती है तो बहुत से ख्वाब रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। कई लड़कियां हालात से हार जाती हैं, कई जिम्मेदारियों में उलझ जाती हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो रुकने के लिए पैदा ही नहीं होते। बुशरा खान उन्हीं लोगों में से एक हैं।

बीएससी से एमएससी, एमफिल से पीएचडी तक का सफर सिर्फ डिग्रियां जोड़ने का काम नहीं है। यह खुद को बार-बार साबित करने का सफर है। यह उस सब्र का नाम है जिसमें सालों की मेहनत के बाद कहीं जाकर एक दिन नतीजा मिलता है। असली कामयाबी शोर नहीं करती। वह धीरे-धीरे बनती है। कभी एक किताब से, कभी एक इम्तिहान से, कभी एक नाकामी से और फिर एक दिन वही सफर दूसरे लोगों के लिए हौसला बन जाता है।

बुशरा खान की यह कामयाबी सिर्फ उनके नाम की नहीं है। यह हर उस बेटी की कामयाबी है जो बड़े ख्वाब देखने की हिम्मत रखती है। यह हर उस मां-बाप की कामयाबी है जो अपनी औलाद को सिर्फ नौकरी के लिए नहीं बल्कि कुछ बड़ा करने के लिए पढ़ाते हैं। कुछ तस्वीरें फ्रेम में सजती हैं और कुछ तस्वीरें आने वाली नस्लों को रास्ता दिखाती हैं। बुशरा खान की यह तस्वीर दूसरी वाली है और यकीन मानिए, किसी भी बाप के लिए इससे खूबसूरत इनाम शायद ही कोई हो।

-जाहिद खान


## पुस्तक परिचय

# बंटवारे की पीड़ा और इंसानियत को बयान करता उपन्यास

भारतीय साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता उसकी भाषाई विविधता है। हिन्दी, बंगाली, मराठी, तमिल, मलयालम, पंजाबी, उर्दू और सिंधी जैसी अनेक भाषाओं में ऐसा श्रेष्ठ साहित्य रचा गया, जो अपने समय, समाज और मनुष्य की संवेदनाओं का गहरा दस्तावेज है। दुर्भाग्य यह है कि भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य का हिंदी में अपेक्षित स्तर पर अनुवाद नहीं हो पाता। ऐसे समय में सिंधी के चर्चित उपन्यास 'रात्रि का दूसरा पहर' का हिंदी अनुवाद साहित्य प्रेमियों के लिए स्वागतयोग्य घटना है। साहित्य अकादमी से सम्मानित लेखक हरि हिमथानी के लगभग दो दशक पहले लिखे गए इस उपन्यास को हाल ही में अशोक मनवानी ने हिंदी पाठकों तक पहुंचाया है। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, भारत सरकार के सहयोग से प्रकाशित यह कृति देश के विभाजन की त्रासदी के बीच मानवीय संबंधों और प्रेम की अनश्वरता को अत्यंत संवेदनशीलता से प्रस्तुत करती है।

उपन्यास का कथानक भारत-पाक विभाजन के उस दौर में विकसित होता है, जब दोनों देशों में भय, हिंसा, विस्थापन और असुरक्षा का वातावरण था। लोग धर्म और पहचान के आधार पर बंट रहे थे। लेकिन, मनुष्य के भीतर का प्रेम, अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव तब भी समाप्त नहीं हुआ था। यही इस उपन्यास की मूल संवेदना है। लेखक ने बड़ी खूबसूरती से व्यक्त किया कि राजनीतिक सीमाएं इंसानों को अलग कर सकती हैं, दिलों के रिश्तों को नहीं बांट सकती।

कहानी का नायक ऐंशी परिस्थितियों और भावनाओं के द्वंद्व में जीता है। उसके जीवन में दो स्त्रियां आती हैं जुहरा और रेमी। इन तीनों पात्रों के माध्यम से लेखक ने प्रेम के विभिन्न आयामों को बहुत सहजता से उकेरा है। रेमी, ऐंशी और जुहरा के संबंधों को एक भावनात्मक आधार देती है, लेकिन इसी क्रम में ऐंशी रेमी के प्रति भी




आकर्षित होने लगता है। यह आकर्षण केवल दैहिक नहीं, बल्कि आत्मीयता और भावनात्मक निकटता से उपजा है। उपन्यास की सबसे बड़ी शक्ति इसके पात्रों की मानवीयता है। यहां संबंधों में कोई कृत्रिम नाटकीयता नहीं दिखाई देती। रेमी अपने पति ओलाफ के साथ ऐंशी के बीच सहज संबंध बनाए रखती है। तीनों के बीच संवाद, हास्य, शायरी और आत्मीयता का वातावरण पाठक को बांधकर रखता है। लेखक ने प्रेम को किसी सामाजिक बंधन या धार्मिक पहचान से ऊपर रखकर प्रस्तुत किया है।

कहानी का सबसे मार्मिक पक्ष तब सामने आता है, जब विभाजन की भयावह परिस्थितियों में ऐंशी को कराची छोड़कर भारत आना पड़ता है। सिंध में हिंसा और असुरक्षा बढ़ चुकी है। ऐसे समय में जान और धर्म बचाना ही सिंधी हिन्दुओं की पहली प्राथमिकता बन जाता है। ऐंशी बिना जुहरा से अंतिम मुलाकात किए भारत रवाना हो जाता है और यही अधूरापन उसके भीतर लंबे समय तक बना रहता है।

वर्षों बाद अजमेर में दोनों की आकस्मिक मुलाकात उपन्यास को एक भावनात्मक ऊंचाई प्रदान करती है। जुहरा अपने पति और परिवार के साथ दरगाह शरीफ आई है और स्टेशन पर उसकी मुलाकात ऐंशी से हो जाती है। इस प्रसंग में लेखक ने अत्यंत सादगी और गरिमा के साथ उन भावनाओं को व्यक्त किया है, जिन्हें शब्दों से अधिक आंखें समझती हैं। दोनों के बीच कोई नाटकीय संवाद नहीं, बल्कि मौन का एक गहरा रिश्ता दिखाई देता है। यही मौन इस उपन्यास की सबसे बड़ी ताकत बन जाता है।

'रात्रि का दूसरा पहर' केवल प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह मानवीय संबंधों की गरिमा, सांप्रदायिक सौहार्द और विभाजन की पीड़ा का संवेदनशील दस्तावेज भी है। लेखक ने यह स्थापित किया कि निःस्वार्थ प्रेम और आपसी सम्मान किसी भी धर्म या सीमा से कहीं अधिक बड़े होते हैं। हिंदी अनुवाद में अशोक मनवानी की मेहनत स्पष्ट दिखाई देती है। भाषा सहज, प्रवाहपूर्ण और मूल संवेदना के अनुरूप है। यह उपन्यास पाठक को अंत तक बांधे रखता है और पढ़ने के बाद लंबे समय तक भीतर एक गहरी उदासी और आत्मीयता छोड़ जाता है

भारत का विभाजन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए भी अध्ययन का विषय है। इसे पढ़कर तत्कालीन परिस्थितियों को जानना महत्वपूर्ण है।

**पुस्तक : रात्रि का दूसरा पहर (सिंधी)**
**लेखक : हरि हिमथानी**
**हिंदी अनुवाद : अशोक मनवानी**
**मूल्य : 200 रुपए**
**प्रकाशक : राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली**

## सदियों बाद बन रहा दुर्लभ आध्यात्मिक महासंयोग

# 15 जून को पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या

### स्नान, दान, पितृ तर्पण और शिव-विष्णु आराधना से मिलेगा अक्षय पुण्य : महंत आनंद गिरी महाराज

**इंदौर।** श्री सिद्ध बाब श्याम गिरी सवाई मठ दिल्ली दरबार के मालवा-इंदौर मंडल के श्री महंत आनंद गिरी जी



महाराज (बाप जी) ने बताया कि 15 जून 2026 को सनातन धर्म के अनुसार अत्यंत दुर्लभ और पुण्यदायी आध्यात्मिक महासंयोग बन रहा है। इस दिन ज्येष्ठ अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) की अमावस्या सोमवार को पड़ रही है, जिससे सोमवती अमावस्या का विशेष संयोग निर्मित हो रहा है। शास्त्रों में इसे अक्षय फल देने वाला संयोग माना गया है।

**पुरुषोत्तम मास में विष्णु-शिव आराधना का विशेष महत्व-** महंत आनंद गिरी महाराज के अनुसार अधिक मास भगवान विष्णु को समर्पित है, इसलिए इस दिन श्रीहरि की पूजा-अर्चना का अनंत गुना फल प्राप्त होता है। वहीं सोमवार होने से भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना भी विशेष फलदायी मानी गई है। इससे दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

**पितृ तर्पण, पीपल पूजन और दान का महापुण्य-** शास्त्रों के अनुसार अमावस्या पितरों की तिथि है। इस दिन तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान करने से पितृ दोषों की शांति होती है तथा पितरों को तृप्ति प्राप्त होती है। पीपल वृक्ष में त्रिदेवों का वास माना गया है। विवाहित महिलाएं पीपल की पूजा कर 108 परिक्रमा करें तो परिवार में सुख-समृद्धि और आरोग्यता का वास होता है।

**इन कार्यों से रहें दूर-** महंत जी ने बताया कि इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, वाहन या भूमि खरीद जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं। सात्विक आचरण, स्नान, जप, तप, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। अमावस्या तिथि 14 जून दोपहर 12.19 बजे से प्रारंभ होकर 15 जून सुबह 8.23 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार 15 जून को व्रत, स्नान और दान का मुख्य महत्व रहेगा।




# लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर निर्माण कार्य का असर, 15 से अधिक ट्रेनें प्रभावित

**इन्दौर।** इंदौर-देवास-उज्जैन रेलखंड पर स्थित लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण 15 से अधिक ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि कुछ ट्रेनें निरस्त रहेंगी, जबकि कई ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा। रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 11 जून को इंदौर से उज्जैन के बीच चलने वाली दो ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसके चलते यात्रियों को वैकल्पिक परिवहन साधनों का सहारा लेना पड़ सकता है। इसके अलावा रतलाम और डॉ. अंबेडकर नगर के बीच संचालित होने वाली लोकल ट्रेन को भी लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर ही शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है, ताकि असुविधा से बचा जा सके। निर्माण कार्य के चलते यह व्यवस्था अगले दो दिनों तक प्रभावी रहेगी।








### जर्मनी संघीय गणराज्य के काउंसिल जनरल क्रिस्टोफ हेलियर ने स्टेट प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में यह कहा

# मजबूत साझेदारियाँ न केवल सरकारी और व्यावसायिक जुड़ाव के माध्यम से बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान के माध्यम से भी बनती

**इंदौर :** पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने अपने इंदौर, पीथमपुर एवं भोपाल के दौरे के बारे में जानकारी दी। श्री हेलियर मैं अपनी तीन दिवसीय मध्य प्रदेश यात्रा के दौरान सरकार के प्रतिनिधियों, उद्योग जगत, शिक्षाविदों और राज्य में जर्मनी के पूर्व छात्र (अल्युमनाई) नेटवर्कों के सदस्यों से मुलाकात की।

उन्होंने बताया कि यह दौरा भारत-जर्मनी संबंधों के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर हुआ है। इस वर्ष की शुरुआत में, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने भारत का दौरा किया था, जहाँ उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और जर्मनी के बीच घनिष्ठ साझेदारी और व्यापार एवं निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, विज्ञान तथा लोगों से लोगों के बीच पीपल-टू-पीपल एक्सचेंज सहित कई क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

श्री हेलियर के दौरे का एक मुख्य केंद्र जर्मनी और मध्य प्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाना था। व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करने, निवेश को सुगम बनाने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्तों की पहचान करने पर केंद्रित थीं।



चूँकि भारत और जर्मनी इस वर्ष राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

भारत और जर्मनी ने 1951 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। आज जर्मनी यूरोप में भारत के सबसे महत्वपूर्ण भागीदारों में एक है। जिसका सहयोग व्यापार और निवेश, ग्रीन टेक्नोलॉजीज, विज्ञान और नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान तक फैला हुआ है।

श्री हेलियर ने चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने वाले व्यक्तिगत और संस्थागत संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। यह स्वीकार करते हुए कि मजबूत साझेदारियाँ न केवल सरकारी और व्यावसायिक जुड़ाव के माध्यम से बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान के माध्यम से भी बनती हैं।श्री हेलियर ने कहा, 'ये नेटवर्क जर्मनी और भारत के बीच शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और दोनों समाजों के बीच पुल के रूप में कार्य करते हैं।' अपने दौरे का सार बताते हुए उन्होंने ने कहा, 'मध्य प्रदेश गहरे भारत-जर्मनी सहयोग के लिए महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करता है। हम राज्य के आर्थिक विकास, औद्योगिक महत्वाकांक्षाओं और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के प्रति खुलेपन से बेहद उत्साहित हैं। जर्मनी आने वाले वर्षों में मध्य प्रदेश के साथ अपने जुड़ाव को और विस्तार देने के लिए उत्सुक है।'

यह दौरा उस महत्व को रेखांकित करता है जो जर्मनी, भारत-जर्मन आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग को आगे बढ़ाने में एक भागीदार के रूप में मध्य प्रदेश को देता है। श्री हेलियर ने इंदौर में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में राज्य का अधिक बार दौरा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की, क्योंकि भारत-जर्मन संबंध लगातार बढ़ रहे हैं।

# फैसल काजूवाला को पुलिस जांच में मिली क्लीन चिट

### झूठी शिकायत करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**इंदौर।** थाना बाणगंगा पुलिस की जांच में फैसल काजूवाला उर्फ फैसल सुपेड़ीवाला के खिलाफ लगाए गए आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।



पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजते हुए बताया है कि कथित 'लव जिहाद' मामलों के आरोपी अनवर कादरी से फैसल का कोई संबंध स्थापित नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार प्रशांत पांडे और निलेश शर्मा ने संयुक्त शिकायत देकर आरोप लगाया था कि अनवर कादरी को कथित रूप से अवैध फंडिंग फैसल काजूवाला द्वारा की जाती है। जांच के दौरान दोनों शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए गए, लेकिन वे अपने आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेजी या भौतिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने फैसल काजूवाला से पूछताछ कर उनके बयान भी दर्ज किए। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि अनवर कादरी के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन अब तक की जांच में फैसल का उन मामलों से कोई संबंध सामने नहीं आया है। इसके बाद पुलिस ने जांच रिपोर्ट अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दी है।

इधर सियागंज के व्यापारी फैसल इब्राहिम ने भी खुद को झूठी शिकायतों और ब्लैकमेलिंग की साजिश का शिकार बताते हुए पुलिस आयुक्त, थाना एमआईजी तथा न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पलासिया क्षेत्र के एक व्यक्ति फर्जी डॉ इरशाद पर उन्हें बदनाम करने और फर्जी शिकायतों के माध्यम से फंसाने का आरोप लगाया है।

फैसल का कहना है कि उनके पास आरोपों को खारिज करने वाले दस्तावेजी साक्ष्य हैं, जिन्हें उन्होंने जांच एजेंसियों को सौंप दिया है। मामला सीएम हेल्पलाइन तक पहुंच चुका है और जांच जारी है। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि फर्जी डॉ इरशाद के खिलाफ पूर्व में भी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के कई मामले दर्ज हो चुके हैं। ओर इसी के चलते 2017 में इरशाद जेल भी जा चुका हे ।अब जांच एजेंसियां पूरे प्रकरण की पड़ताल कर रही हैं और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर तय होगी।

# प्रथम 'नूरी बाबा अवॉर्ड' से सुन्नी वेलफेयर कमेटी (SWC) सम्मानित

**इंदौर।** 6 जून 2026 जश्ने हज़रत उस्मान गनी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के अवसर पर बड़ी मस्जिद, जूना रिसाला, इंदौर में एक भव्य एवं रूहानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नूरी फाउंडेशन, इंदौर की जानिब से पहली बार 'नूरी बाबा अवॉर्ड' प्रदान किया गया ।यह सम्मान मुफ्ती मुहम्मद अरसलान रज़ा खान साहब कादरी रज़वी (बरेली शरीफ) और मुफ्ती आजम मालवा हज़रत मौलाना नूरुल हक़ साहब नूरी के मुबारक हाथों से सुन्नी वेलफेयर कमेटी (SWC) को समाज सेवा, मानव कल्याण, शिक्षा, राहत कार्यों तथा जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से तशरीफ लाए धर्म गुरु एवं धार्मिक-सामाजिक हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से मौलाना अब्दुल फतह साहब कादरी, मुफ्ती मुहम्मद शाहिद रज़ा साहब कादरी, मुफ्ती मुहम्मद मुबश्शिर रज़ा साहब, मुफ्ती मुहम्मद मुश्ताक़ अहमद साहब, इंदौर शहर काज़ी मोहम्मद इशरत अली साहब, मौलाना अहमद यार खान साहब नूरी अजहरी, मुफ्ती मुहम्मद मंजर मुस्तफा नाज़ साहब, मुफ्ती शहज़ाद साहब (सुन्नी अइम्मा कौंसिल) सहित इंदौर शहर की मस्जिदों के इमाम एवं गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मुफ्ती आजम मालवा हज़रत मौलाना नूरुल हक़ साहब नूरी ने बताया कि वर्ष 2026 में 'नूरी बाबा अवॉर्ड' का शुभारंभ पहली बार किया गया है।




इस सम्मान का उद्देश्य शिक्षा, मानव सेवा, और समाज की बेहतरी के लिए समर्पित व्यक्तियों एवं संस्थाओं की सेवाओं का सम्मान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सुन्नी वेलफेयर कमेटी (स्ङ्ख्रष्ट) ने वर्षों से समाज के जरूरतमंद, गरीब एवं वंचित वर्गों के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया है। संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं ।समारोह के अंत में सुन्नी वेलफेयर कमेटी की निरंतर प्रगति, सफलता और समाज सेवा के कार्यों में और अधिक विस्तार के लिए विशेष दुआ की गई तथा आशा व्यक्त की गई कि संस्था भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ मानवता की सेवा करती रहेगी।

## महिला आयोग ने शुरू की टोल-फ्री हेल्पलाइन- अब एक कॉल पर मिलेगी सहायता, शिकायतों के त्वरित निराकरण की होगी प्रभावी व्यवस्था




**भोपाल :** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महिलाओं के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-233-6112 का शुभारंभ किया। हेल्पलाइन के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं सीधे आयोग से संपर्क कर अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव दर्ज करा सकेंगी।भोपाल स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, सदस्य श्रीमती साधना स्थापक तथा आयोग के सचिव श्री सुरेश तोमर ने हेल्पलाइन का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर आयोग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रीमती यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को न्याय और सहायता तक सहज पहुंच उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित।
संपादक-समीर खानङ (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)